page-3_page 1 9/27/2025 11:06 PM Page 1

आज ही के दिन 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर लगी सदियों पुरानी पाबंदी को हटाया था।

एमकेपी व डीबीएस में एनएसयूआई ने दर्ज की शानदार जीत

देहरादून। साल भर के अंतराल के बाद शनिवार को प्रदेश भर के शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान हुए। तीन बजे के बाद मतगणना शुरू हुई। परिणाम आने भी शुरू हो गए। शहर के चार राजधानी के एकमात्र महिला कॉलेज एमकेपी पीजी कॉलेज में सभी पदों पर एनएसयूआई की जीत दर्ज की है। एनएसयूआई के अध्यक्ष पद की उम्मीदवार बिपाशा ने जीत दर्ज की। उन्होंने एबीवीपी की शिवानी रावत को हराया। बिपाशा को 181 और शिवानी रावत को 140 मत मिले। अशासकीय और दो शासकीय महाविद्यालयों में चुनाव के लिए छात्रों में भारी उत्साह दिखा। वहीं दूसरी और डीबीएस कॉलेज में भी एनएसयूआई ने शानदार जीत दर्ज की। जीत की खुशी में समर्थकों पर आतिशबाजी की और मिठाई बांटी।

छात्रों की युक्तिसंगत मांगों को अवश्य मानेगी सरकार: भाजपा

- जो भी दोषी होगा, उस पर निश्चित है कठोरतम कार्रवाई: मुन्ना सिंह चौहान

भास्कर समाचार सेवा

भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते विधायक मुन्ना सिंह चौहान।

देहरादून। भाजपा ने पेपर नकल मामले में युवाओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी युक्तिसंगत और व्यवहारिक मांगों पर सरकार गंभीरता से लेते हुए उचित निर्णय लेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने छात्रों से किसी राजनैतिक एजेंडे में नहीं फंसने का आग्रह किया हैं। धामी सरकार युवा हितों के लिए समर्पित ढंग से कार्य कर रही है, इस मुद्दे पर भी जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कठोरतम कार्रवाई तय है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमारी सरकार युवाओं के सुरक्षित और सफल भविष्य निर्माण के प्रति कटिबद्ध है। इसी क्रम में यूकेएसएससी परीक्षा में सम्मिलित प्रत्येक छात्र हमारे परिवार के सदस्य हैं, जिनकी चिंता पार्टी और सरकार दोनों को है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया, हम भी चाहते हैं कि यदि कहीं कोई त्रुटि या साजिश हुई है तो वह सामने आए। चूंकि ये सब बिना किसी जांच के संभव नहीं है। लिहाजा सभी को जांच में सहयोग करना चाहिए। यदि किसी छात्र या अभिभावक, या किसी अन्य के पास कोई सबूत, तथ्य या जानकारी हो वे एसआईटी को बताएं।

फिर भी संतुष्ट न इसी मुद्दे पर गठित न्यायिक आयोग के सामने रखें। जांच की रिपोर्ट आने तक किसी भी नतीजे पर पहुंचना उचित नहीं है। इस दौरान युवाओं को चेताया कि किसी भी तरह उन तमाम लोगों की साजिश में नहीं फंसना चाहिए जो इसमें अपना राजनैतिक उल्लू सीधा करना चाहते हैं।

क्योंकि हमारी सरकार की मंशा युवाओं के भविष्य की सुरक्षा और सफलता को लेकर बिल्कुल स्पष्ट है। वहीं उन्होंने कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा कि वे पर्दे के पीछे से युवाओं को भड़काने और बरगलाने का काम कर रहे हैं। दरअसल विचारहीन विपक्ष लगातार चुनाव में हार के बाद अब पूरी तरह मुद्दाविहीन हो गया है। देहरादून से लेकर दिल्ली तक मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की नीति झूठ, भ्रम और अफवाह पर आधारित हो गई है।

हैरानी है कि जो सीबीआई पर शोषण करने वाली संस्था बताते हैं, वहीं इसकी जांच के नाम पर प्रदेश में जारी नियुक्तियां की प्रक्रिया बाधित करना चाहते हैं। ताकि युवाओं का भविष्य बर्बाद हो और उन्हें अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने का मौका मिले। इस दौरान पत्रकार वार्ता में पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री कुंदन परिहार, प्रदेश मीडिया संयोजक श्री मनवीर चौहान, सह संयोजक राजेंद्र सिंह नेगी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

रिपोर्ट तैयार होने पर भारत सरकार को भेजी जाएगी: सुमन

पीडीएनए टीम ने देहरादून, टिहरी एवं उत्तरकाशी जनपदों का सर्वेक्षण पूर्ण किया, हरिद्वार में कल होगा

भास्कर समाचार सेवा

बैठक लेते सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन

देहरादून। इस वर्ष मानसून के दौरान उत्तराखंड में आई आपदाओं से हुई वास्तविक क्षति के आकलन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रारंभ की गई पोस्ट डिज़ास्टर नीड्स असेसमेंट प्रक्रिया के तहत गठित पहली सर्वेक्षण टीम देहरादून, टिहरी और उत्तरकाशी जनपदों का भ्रमण एवं सर्वेक्षण कर शनिवार को देहरादून लौट आई है। टीम ने शनिवार शाम को उत्तराखंड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में किए गए सर्वे और क्षति के आंकलन के बारे में जानकारी दी।

इस बैठक में टीम द्वारा तीनों जनपदों में किए गए सर्वे कार्य का विस्तृत प्रस्तुतिकरण (प्रेज़ेंटेशन) दिया गया, जिसमें सार्वजनिक परिसंपत्तियों को हुई क्षति, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, और आजीविका से जुड़े क्षेत्रों में हुई क्षति का प्रारंभिक आंकलन साझा किया गया। संबंधित जिलों के जिलाधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुड़े। सचिव सुमन ने बताया कि इस वर्ष राज्य में मानसून के दौरान अत्यधिक वर्षा के कारण राज्य को भारी क्षति हुई है। सर्वेक्षण का उद्देश्य इसी क्षति का वास्तविक आकलन करना है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट तैयार होने के पश्चात भारत सरकार को विशेष राहत पैकेज हेतु प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिससे राज्य को आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि पहली टीम तीन जनपदों में हुई क्षति का आकलन कर देहरादून लौट आई है। आज टीम ने अपने आकलन के संबंध में प्रारंभिक जानकारी दी है। सभी जनपदों में pdna की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पूरे प्रदेश की एक समग्र रिपोर्ट तैयार कर भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि टीम रविवार को हरिद्वार जनपद में सर्वेक्षण कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त जनपदों में भी प्रक्रिया जारी है। सर्वेक्षण के अंतर्गत प्रमुख रूप से आवासीय क्षति, सार्वजनिक अवसंरचना (जैसे सड़क, पुल, बिजली, जल आपूर्ति, संचार), कृषि एवं पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, सामाजिक संरचनाएं एवं आजीविका क्षेत्रों का मूल्यांकन किया जा रहा है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं सटीक हो, ताकि प्रभावितों को यथाशीघ्र राहत व पुनर्वास की सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। आपदा के बाद प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावितों की हर जरूरत का ख्याल रखने तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश सभी जिलाधिकारी को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रक्रिया को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि राज्य को शीघ्र ही केंद्रीय सहायता प्राप्त हो और पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्यों को गति मिल सके। बैठक में अपर सचिव/पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद ओबेदुल्लाह अंसारी आदि मौजूद थे।

तीन को कांग्रेस कार्यकर्ता घेरेंगे मुख्यमंत्री आवास

देहरादून। उत्तराखंड में हाल ही में संपन्न यूकेे ट्रिपल एससी परीक्षा पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने मामले की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से करवाने की मांग को लेकर शुरू किए गए आंदोलन को अब तेज करते हुए आगामी तीन अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास को घेरने का ऐलान कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि विगत रविवार को संपन्न ट्रिपल एससी परीक्षा पेपर लीक की जांच सीबीआई से करवाने की पूरे प्रदेश के युवा बेरोजगार कर रहे हैं।

उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम
कार्यालय : अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, देवप्रयाग, टिहरी (गढ़वाल)
E-mail: eepayjaldevprayag77@yahoo.co.in

पत्रांक: 1456/506/15 **निविदा सूचना** दिनांक: 25.09.2025

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नानुसार कार्यों हेतु सम्मुख अंकित श्रेणी में ठेकेदारों से मोहरबंद निविदायें दिनांक 16.10.2025 के अपरान्ह 03:00 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 16.10.2025 (अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस को) सांय 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि के द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निविदा खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पूर्व तक प्रातः 10.00 बजे से सायं 16.00 बजे तक क्रय किये जा सकते है।

क्र० सं०	कार्य का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
01	02	03	04	05	06
1	अकरी बारजूला पम्पिंग पेयजल योजना का संचालन एवं रखरखाव का कार्य।	रु. 2000.00+ जी.एस.टी.	रु. 50000.00	06 माह	डी. एवं उच्चतर श्रेणी

अधिशासी अभियंता

"जल संचय-जीवन संचय" "कृपया जल स्रोतो को प्रदूषित होने से बचाईये"
वैधानिक चेतावनी-जल स्रोतो को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है।

फॉर्म ए
सार्वजनिक घोषणा
(दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड ऑफ इण्डिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)

लेनदारों के ध्यानार्थ के लिए
मेसर्स गुप्ता पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (सीआईआरपी में)

प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	मेसर्स गुप्ता पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	09/05/1961
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	कंपनी रजिस्ट्रार, कोलकाता
4.	कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या	U31300WB1961PLC025104
5.	कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	**पंजीकृत कार्यालय का पता:** EN-62, सेक्टर-V, सातवीं मंजिल, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, भारत, 700091 **खाते की पुस्तकों का रखरखाव पता:** कटक-पुरी रोड, बुधेश्वरी मंदिर के सामने, भुवनेश्वर, उड़ीसा, भारत, 751006
6.	कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ तिथि	26-09-2025 (आदेश 27-09-2025 को अपलोड किया गया)
7.	दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	25.03.2026
8.	अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या	**प्रदीप कुमार कावरा** IBBI/IPA-001/IP-P01104/2017-18/11790
9.	अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के पास पंजीकृत है	**प्रदीप कुमार कावरा** सी/905, ओफिरा बिल्डिंग वी.आई.पी रोड, भरथना, वेसु, सूरत, गुजरात, 395007 ईमेल:- ippradeepkabra@gmail.com
10.	अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल	**प्रदीप कुमार कावरा** 301, तृतीय तल, रीगस बिजनेस सेंटर, मर्सिडीज शोरूम के ऊपर, न्यू सिटी लाइट रोड, भरथना, वेसु, सूरत, गुजरात-395007. ईमेल:- ip.guptapower@gmail.com
11.	दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	शुक्रवार, 10-10-2025
12.	धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा निर्धारित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई हों	लागू नहीं
13.	किसी वर्ग में ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवालियापन पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) अधिकृत का विवरण प्रतिनिधि यहां उपलब्ध हैं:	क) वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/home/downloads ख) लागू नहीं

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने **मेसर्स गुप्ता पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड** की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया **26 सितंबर, 2025** को प्रारंभ करने का आदेश दिया है **(आदेश 27-09-2025 को अपलोड किया गया)**

मेसर्स गुप्ता पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025 का या उससे पहले प्रविष्टि संख्या 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर के समक्ष प्रमाण के साथ प्रस्तुत करें। वित्तीय लेनदार अपने दावे केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण सहित प्रस्तुत करेंगे । अन्य सभी लेनदार अपने दावे व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण सहित प्रस्तुत कर सकते हैं । एसडी/-
दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

सी.ए. आईपी प्रदीप कुमार कावरा
मेसर्स गुप्ता पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के लिए आईआरपी
आईबीबीआई पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-001/IP-P01104 /2017-18/11790

दिनांक: 28-09-2025

उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद्
समग्र शिक्षा Samagra Shiksha
राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड ननूरखेड़ा तपोवन रोड़, रायपुर, देहरादून दूरभाष 0135-2781942
Website: http://san.uk.gov.in, E-mail-spd-saa-uk.nic.in Toll Free Number:-1800-180-4132

पंत्राकः रा०प० का० / 1351 / प्रशा0 (BRP-CRP)/2025-26 दिनांक 26 सितम्बर, 2025

विज्ञप्ति

समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड के अन्तर्गत ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बी०आर०पी०) एवं संकुल रिसोर्स पर्सन (सी०आर०पी०) के पदों पर कार्मिकों की तैनाती के संदर्भ में सम्बन्धित आउटसोर्स एजेन्सी अलंकित लिमिटेड द्वारा आहूत काउन्सिलिंग प्रक्रिया के दौरान प्रमाण-पत्रों की अनुपलब्धता / विसंगतियों अथवा अनुपस्थित होने के कारण अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड की वेबसाईट (http://ssa.uk.gov.in) पर अपलोड़ / उपलब्ध है। सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि सूची में अंकित विवरणानुसार अपना प्रत्यावेदन विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 07 दिनों के अन्तर्गत राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड की ई-मेल आईडी (spd-ssa-uk@nic.in) पर प्रेषित किया जा सकता है। ई-मेल के माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदनों पर ही विचार किया जायेगा।

(दीप्ति सिंह),
राज्य परियोजना निदेशक,
समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।

छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी की प्रचंड जीत

- युवाओं का रुझान सरकार पर भरोसे का संकेत, युवाओं को पसंद है मुख्यमंत्री धामी

भास्कर समाचार सेवा

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पेपर प्रकरण और भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर विपक्ष व कुछ संगठनों ने लगातार सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। इस बात को उछाला गया कि प्रदेश का युवा वर्ग सरकार से नाराज है और उसके खिलाफ सड़क पर उतर चुका है। लेकिन प्रदेश के 100 से अधिक महाविद्यालयों में हुए छात्रसंघ चुनावों के नतीजे इस धारणा से बिल्कुल उलट तस्वीर पेश करते हैं। एबीवीपी भाजपा का आनुषंगिक संगठन है, और संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा की जड़ें विश्वविद्यालय और कॉलेज कैंपसों तक फैली हुई हैं। ऐसे में यूकेएसएसएससी के पेपर प्रकरण सामने आने के बाद यह बात उठने लगी कि इस बार चुनाव में युवा अपनी वोट की ताकत से भाजपा को जवाब देगी, इन चुनाव में भाजपा की हार निश्चित है। लेकिन छात्रसंघ चुनाव में मिली भारी जीत यह पुख्ता करती है कि छात्रों के बीच भाजपा और उसकी सरकार को लेकर कोई व्यापक नाराजगी नहीं है। एबीवीपी को मिली बड़ी और ऐतिहासिक जीत ने स्पष्ट कर दिया कि प्रदेश के कॉलेज और विश्वविद्यालयों के छात्र, खासकर जेन-जेड, भाजपा की विचारधारा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों पर भरोसा रखते हैं। चुनाव परिणाम यह भी बताते हैं कि छात्रों के बीच सरकार के प्रति विश्वास की स्थिति विपक्ष के आरोपों से कहीं अलग है। सीएम धामी के नेतृत्व में सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने और नकल पर कठोर नियंत्रण के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। नकल विरोधी कानून, भर्ती परीक्षाओं में तकनीकी निगरानी और परीक्षा प्रणाली में सुधार जैसे फैसले युवाओं को यह संदेश देने में सफल रहे हैं कि सरकार उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुन रही है और समाधान के लिए सख्त कदम उठाने को तैयार है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एबीवीपी की यह जीत केवल संगठनात्मक शक्ति या चुनावी रणनीति का परिणाम नहीं है, बल्कि यह युवाओं के उस भरोसे का प्रतीक है जो उन्हें सरकार की नीतियों और कामकाज पर है। विपक्ष ने भले ही छात्रों को आंदोलनों के माध्यम से सरकार को घेरने की कोशिश की हो, लेकिन छात्रसंघ चुनावों के नतीजे इस बात का संकेत हैं कि युवाओं ने सरकार की नीयत और नीतियों को ज्यादा महत्व दिया।

डॉ.सुनीता तोमर ने किया उत्तराखंड का नाम रोशन

भास्कर समाचार सेवा

देहरादून। आयुर्वेद चिकित्सा एवं परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु विख्यात महिला आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सुनीता तोमर (स्वामिनी- ग्राम्ड-ग्रीन रेमेडीज आयुर्वेदिक मेडिसिन डिविजन) को बेस्ट आयुर्वेदिक फार्मेसी सम्मान से सम्मानित किया गया। ग्रीन रेमेडीज आयुर्वेदिक मेडिसिन डिविजन से उत्तराखंड में विशुद्ध शास्त्रोक्त एवं पेटेंट आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण करती चली आ है।

यह सम्मान उन्हें उत्तराखंड फार्मा एंड हेल्थकेयर कानक्लेव एवं उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं एजुकेशन मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तराखंड फार्मा एंड हेल्थकेयर कानक्लेव एण्ड सम्मान में प्रदान किया गया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मैं माला अग्रवाल आयु 39 वर्ष पत्नी सूरज नारायण अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 7, राधिका कालोनी, खजुराहो तहसील राजनगर, जिला-छतरपुर (म.प्र.)** मेरे द्वारा आवासीय भवन अन्तर्गत भूमि खाता खतौनी सं 341 खसरा सं 37 क, जिसका भू क्षेत्रफल 1830 वर्गफीट, जो कि दो मंजिला निर्मित है, जो कि मौजा डाण्डा परगना, परवादून, तहसील व जिला देहरादून में स्थित है। जिसे क्रय करने हेतु मेरे द्वारा दिनांक 11.08.2025 को बयाना राषि विक्रेता (श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार) निवासी मकान नंबर 28 सिल्वर पार्क, शिवपुरी, कृष्णा नगर, पूर्व दिल्ली को अदा की जा चुकी है। अतः सूचित किया जाता है कि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझे (मो. 9993747305) पर सम्पर्क करे। अन्यथा में उक्त वर्णित संपत्ति का विक्रय पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र हूं। समयावधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

Phone:-0135-2430660
UTTARAKHAND
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग ऋषिकेश (देहरादून
Website-http://pwd.uk.gov.in
E-Mail- eetdrksh@gmail.com

पत्रांक- 3206/निविदा दिनांक 26/09/2025

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधेहस्ताक्षरी, द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.09.2025 से दिनांक 06.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 06.10.2025 दोपहर 11:00 तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है। निविदा दिनॉक 06.10 2025 को 04:00 बजे निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।
1- कार्यालय, अधीक्षण, अभियन्ता, 9 वॉ वृत्त, लो०नि०वि०, देहरादून। 2- कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, देहरादून। 3- कार्यालय, अधिशासी अभियन्ताा, अस्थाई खण्ड, लो०नि०वि०, ऋषिकेश।

क्र.सं.	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (रू० लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू० में)	निविदा की वैधता (दिन में)	कार्य पूर्ण का समय (माह में)	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत ऋषिकेश-भानियाला मोटर मार्ग (राज्य मार्ग-24) के किमी० 3 से 15 में क्रैक सिलिंग तथा पटरी ड्रेसिंग का कार्य।	75000.00	2,000.00+ 18% GST	60 दिन	3 माह	मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी 'D' एवं उच्चतर में पंजीकृत।
2	जिला योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विधानसभा डोईवाला में सनगांव के मनवाल परिवार मजरे तक सनगाँव नाहीकला मोटर मार्ग के गुल्लर से 300 मी० लम्बाई में मोटर मार्ग का निर्माण।	19500.00	1,000.00+ 18% GST	60 दिन	2 माह	मार्ग कार्यों हेतु श्रेणी 'D' एवं उच्चतर में पंजीकृत।

निविदा से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र (स्टाम्प पेपर, एफ०डी०आर० आदि) निविदा आमत्रंण की तिथि के पश्चात के ही मान्य होगें। ठेकेदार द्वारा पंजीकरण की प्रति खण्डीय रोकडिया को उपलब्ध कराये जाने के पश्चात ही निविदा प्रपत्र निर्गत किये जायेगे। स्टाम्प पेपर पर निविदा की वैद्यता एवं सम्बन्धित निविदा का विवरण अंकित होना अनिवार्य होगा।
किसी भी नियिदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो०नि०वि० ऋषिकेश

अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

कर्तव्य निष्ठा और लगन के साथ कार्य करेंगे

भास्कर समाचार सेवा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारी।

देहरादून। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा शनिवार को के नये सदस्य, पदाधिकारी एवं अन्तर्राष्ट्रीय पैट्रन मेम्बर बनाए गए हैं। उन सभी के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन एक होटल इन मण्डी चौक पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक सिंघल ने कहा कि मैं सभी नवनियुक्त सदस्यों पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं मुझे आशा ही नहीं पूर्ण उम्मीद है कि आप सभी अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन से जुड़कर पूरी कर्तव्य निष्ठा और लगन के साथ कार्य करेंगे और इसको उन्नति की ओर अग्रसर करेंगे। इस अवसर पर महामंत्री लच्छू गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वैश्य समाज हमारा परिवार है जिसमें हमें साथ मिलकर आगे बढ़ाना है एक दूसरे को साथ लेकर चलना है और अच्छे लोगों को इस संगठन से जोड़ने का भी प्रयास करना है इसके सभी सदस्य पूरे भारतवर्ष में सभी जगह अपने-अपने स्तर से कार्य करते रहते हैं। इस कड़ी में आईवीएफ में नवुक्त पैटर्न मेंबर बनने पर सिद्धार्थ अग्रवाल विशाल गुप्ता निकुंज गुप्ता बनने पर बधाई दी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया समन्वयक मधु जैन ने कहा कि आज के शपथ ग्रहण में काशीपुर हरिद्वार रुड़की सितारगंज हल्द्वानी ऋषिकेश से आए हुए सभी महानुभावों ने शपथ ग्रहण कर आश्वासन दिया कि हम पूरी कर्तव्य निष्ठा और लगन के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश गोयल महामंत्री लच्छू गुप्ता संगठन महामंत्री रमेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन जैन उपेंद्र अग्रवाल विशाल गुप्ता एवं प्रदेश से आए हुए लोग मौजूद रहे जिनकी उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया।